14735

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

एम.एच.डी.-006 : हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : **100***

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

1. आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताइए कि उस युग की परिस्थितियों ने साहित्य को किस प्रकार प्रभावित किया ? **20**

2. सूफी प्रेमाख्यानक काव्य-परंपरा का परिचय देते हुए सूफी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **20**

3. कृष्ण गाथा के साथ-साथ विकसित होते भक्ति-चिंतन ने कृष्ण भक्ति-काव्य को किस रूप में प्रभावित किया ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **20**

4. रीतिकालीन कविता की पृष्ठभूमि किस तरह की थी ? उसनें रीतिकाव्य को किस प्रकार प्रभावित किया ? **20**

5. 'सरस्वती' और महावीर प्रसाद द्विवेदी की भूमिका का उल्लेख करते हुए द्विवेदी युग साहित्यिक प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए। **20**

6. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। 20

7. प्रयोगवाद और नयी कविता के वैचारिक परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए उसकी शिल्पगत विशेषताएँ बताइए। 20

8. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी आलोचना पर निबंध लिखिए। 20

9. हिन्दी निबंध साहित्य के विकास पर प्रकाश डालिए। 20

10. आधुनिक-भारतीय आर्य भाषाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 20

11. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए : 10x2=20

(क) विद्यापति

(ख) भक्ति आंदोलन का अखिल भारतीय स्वरूप

(ग) खड़ी बोली गद्य

(घ) प्रगतिशील साहित्य